प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 शनिवार दिनांक 31.08.2024

मुख्य समाचारः—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में सख्त कानून और त्वरित फैसले की जरूरत है।
- बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने बयानवे गोल्ड मेडल और अड़तालीस पी.एच.डी. सहित पैंतीस हजार से अधिक विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की।
- प्रदेश में कल से शुरू होगा ''राष्ट्रीय पोषण माह''— इस दौरान समग्र पोषण की थीम पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।
- छत्तीसगढ़ पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के बड़े रैकेट का खुलासा करते हुए आठ आरोपियों को किया गिरफ्तार।

प्रधानमंत्री—न्यायपालिका सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में सख्त कानून और त्वरित फैसले की जरूरत है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितनी जल्दी से निर्णय लिए जाएंगे, उतनी ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी।

दीक्षांत समारोह—01

बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में आज पांचवां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चौंसठ विषयों में विद्यार्थियों को बयानवे गोल्ड मेडल तथा अड़तालीस को पी.एच.डी. और पैंतीस हजार से अधिक विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा शामिल हुए, उन्हें भारतीय न्याय व्यवस्था में अमूल्य योगदान के लिए पी.एच.डी. की मानद उपाधि से विभूषित किया गया।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय हमारी सामूहिकता, ज्ञान और संस्कृति के संरक्षक है। विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम को न केवल उभरते हुए रूझानों और प्रौद्योगिकी के प्रति गतिशील और उत्तरदायी बनाना चाहिए, बल्कि इसमें भारतीय परंपरा की समृद्ध विरासत भी शामिल होनी चाहिए।

वहीं, मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार विकसित छत्तीसगढ़ विजन के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव और कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी मौजूद थे।

दीक्षांत समारोह–02

इस बीच, राज्यपाल रमेन डेका ने बिलासपुर जिले के प्रवास के दौरान  जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर विकास और अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का आमजन को शत–प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए।

इससे पहले, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने आज बिलासपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के प्रकल्प ज्ञानपथ, अटल

मुक्ताकाशी मंच और अटल सरोवर का लोकार्पण किया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे भी लगाए।

महतारी वंदन योजना

महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की लाभार्थी महिलाओं को आगामी दो सितंबर को सातवीं किश्त की राशि जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने निवास में आयोजित होने वाले तीजा–पोरा तिहार के मौके पर लगभग सत्तर लाख हितग्राहियों के बैंक खाते में एक–एक हजार रूपए की राशि ऑनलाइन अंतरित करेंगे। इस योजना के तहत विवाहित महिलाओं को सालाना बारह हजार रूपए दिए जाने का प्रावधान है।

राष्ट्रीय पोषण माह

प्रदेश में स्वास्थ्य पोषण और स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार प्रसार के लिए इस वर्ष भी ''राष्ट्रीय पोषण माह'' कल से शुरू होगा। तीस सितम्बर चलने वाले इस पोषण माह का मुख्य उद्देश्य पंचायतों को सक्रिय करना और जनआंदोलन में परिवर्तित करना है। इस दौरान एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, समग्र पोषण की थीम पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

राष्ट्रीय टीम–स्वर्णप्राशन

राष्ट्रीय आयुष मिशन की टीम ने रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र में आयोजित होने वाले स्वर्णप्राशन की सराहना की है। टीम के सदस्यों ने कल आयोजित स्वर्णप्राशन का अवलोकन किया और अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत करीब सोलह सौ बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया।

हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

श्रोताओं, कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''कांकेर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

गांजा तस्कर–गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के बड़े रैकेट का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ की जूटमिल पुलिस द्वारा कोड़ातराई के पास एक महिला समेत पांच आरोपियों को पकड़ा गया था। इन आरोपियों के पास से एक सौ पचहत्तर किलो गांजा बरामद किया गया था। इन आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को गांजा तस्करों की कार्यप्रणाली और गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी मिली। इसके बाद रायगढ़ और बिलासपुर पुलिस की अलग–अलग टीम बनाकर बिलासपुर जिले के ग्राम पिहरीद और सक्ती जिले के ग्राम चारपारा तथा ओड़िशा के जिला बउत में दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस पूरे मामले में आरोपियों के पास से एक सौ पचहत्तर किलोग्राम गांजा, नगदी, चारपहिया वाहन और मोबाइल सहित बहत्तर लाख रूपए की सपंत्ति जब्त की गई है।

पुलिस ने बताया गांजा तस्करी की वित्तीय जांच करते हुए आरोपियों के बैंक अकाउंट को होल्ड करवाया जा रहा है। वहीं, नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अंतरर्राज्यीय एजेंसियों के सहयोग से मामले की विवेचना जारी है।

ठगी–आरोपी गिरफ्तार

रायपुर रेंज की साइबर थाना पुलिस ने गुगल रिव्यू टास्क के पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लगभग उनतीस लाख रूपए की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में गुजरात के सूरत से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ अलग–अलग राज्यों के अड़तालीस से अधिक पुलिस थानों और साइबर सेल में एफ.आई. आर. दर्ज है। इस मामले में पांच सौ से अधिक यूपीआई आईडी और बैंक अकाउंट को होल्ड कराया गया है। गौरतलब है कि रायपुर निवासी एक महिला ने करीब तीस लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी होने की रिपोर्ट विधानसभा थाने में दर्ज कराई थी।

तेंदुआ हमला–मौत

धमतरी जिले के नगरी क्षेत्र के ग्राम धौराभाठा में तेंदुए के हमले से तीन वर्षीय एक बालिका की मौत हो गई। वहीं, एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। बुजुर्ग व्यक्ति अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान तेंदुए ने उस पर हमला किया। तेंदुए के हमला करने की चीख–पुकार सुनकर परिवार के लोग जाग गए और तेंदुआ भाग गया। इस घटना के बाद वन विभाग की टीम आसपास के गांवों में तेंदुए की निगरानी कर रही है और उसे जंगल की ओर भगाने का प्रयास कर रही है।

बलौदाबाजार–चालान पेश

बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में कुछ माह पहले हुई हिंसा और आगजनी के मामले में पुलिस ने कल कोर्ट में चालान पेश किया। इसमें घटना से संबंधित दस्तावेज शामिल हैं। सिटी कोतवाली थाने में दर्ज तेरह

एफआईआर में पुलिस पहले ही दस चालान पेश कर चुकी है। इस मामले में अब तक एक सौ तिरासी आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पर्युषण–पर्व

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों विशेषकर जैन धर्म के अनुयायियों को पर्युषण–पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्युषण पर्व जैन समाज का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। मान्यता है कि भगवान महावीर ने इस त्यौहार के दौरान अपनी शिक्षाएं दीं और जैन धर्म के मुख्य सिद्धांतों को प्रतिपादित किया। यह पर्व अहिंसा, दया, क्षमा, प्रेम की राह पर चलना सिखाता है।

मुख्यमंत्री–खिलाड़ी मुलाकात

जु–जित्सु खिलाड़ी सानिया परवीन और शबा परवीन ने कल मंत्रालय में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। इन खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश के देवास में उन्नीस से इक्कीस जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रथम वेस्ट जोन जु–जित्सु चैंपियनशिप में गोल्ड, सिल्वर और ब्राँज मेडल सहित कुल चार पदक जीते हैं। मुख्यमंत्री ने इन खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

मौसम

प्रदेश के बस्तर संभाग के कुछ जिलों में आगामी चौबीस घंटों के दौरान भारी वर्षा हो सकती है। वहीं, प्रदेश के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी दी है।

संक्षिप्त समाचार

- जनसम्पर्क संचालनालय रायपुर ने न्यूज वेबसाईट और न्यूज वेबपोर्टल को इम्पैनलमेंट करने के लिए प्राप्त आवेदनो की अनंतिम सूची विभागीय वेबसाईट पर जारी कर दी है। इस पर दावा–आपत्ति ग्यारह सितम्बर तक की जा सकती है।
- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया ओपन कर दी गई है। इसके तहत बारहवीं उत्तीर्ण योग्यताधारी अभ्यर्थी तीन सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे।
- दुर्ग पुलिस ने दुपहिया वाहन चोर गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से ग्यारह दुपहिया वाहन जब्त किए गए हैं।

<><><><><>